05/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और फिनलैंड के बीच आज नई दिल्ली में पर्यावरण सहयोग, प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी तथा सांख्यिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने बहुपक्षीय मंचों में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए। अपने संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक, दुनिया के कई क्षेत्रों में लगातार संघर्ष जारी हैं। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे वैश्विक माहौल में भारत और यूरोप दो प्रमुख राजनयिक शक्तियां अपने संबंधों के स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रही हैं।

00000000000000000000000

कई देशों के शामिल होने के साथ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष तेजी से बढ़ गया है। अमरीका और इस्राएल ईरान पर हवाई हमले कर रहे हैं और तेहरान मिसाइलों और ड्रोन से जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

ईरान समर्थित सशस्त्र समूह हिज़्बुल्लाह भी ईरान के साथ हमलों में शामिल हो गया है। क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक सुरक्षा के लिए इसे खतरा बताते हुए कई देश चिंता व्यक्त करने के साथ स्थिति को शांत करने का आह्वान कर रहे हैं। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, अज़रबैजान ने आज ईरान पर अपने नखचिवान क्षेत्र पर ड्रोन हमले का आरोप लगाया है। आज सुबह ईरान ने इस्राएली और अमरीकी ठिकानों पर नए हमले किए। ईरान ने कहा है कि हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत को नष्ट करने पर अमरीका को पछतावा होगा।

0000000000000000000000

गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में चार डिजिटल उपकरणों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वर्ष 2027 की जनगणना के लिए महिलाओं और पुरुषों के प्रतीक शुभंकर - प्रगति और विकास का औपचारिक अनावरण किया। इन उपकरणों में हाउसलिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर वेब एप्लिकेशन, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन, स्व-गणना पोर्टल और जनगणना प्रबंधन तथा निगरानी प्रणाली पोर्टल शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र ने देश भर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए यह उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू हो कर आगामी 12 मार्च तक जारी रहेगा, जिसके तहत पांच बैठकें आयोजित होंगी। उपमुख्यमंत्री चौना मेन, जिनके पास फाइनेंस पोर्टफोलियो भी है, आगामी दस मार्च को वित्त वर्ष दो हज़ार छब्बीस-सत्ताइस के लिए बजट अनुमान पेश करेंगे। बजट पर चर्चा एवं पारित होने हेतु ग्यारह मार्च को पेश किया जाएगा। बजट के पहले दिन कल, सात सरकारी बिल पेश किए जाएंगे, जिनमें अरुणाचल प्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (दलबदल निषेध) (संशोधन) विधेयक 2026, अरुणाचल प्रदेश शिक्षकों का स्थानांतरण और पोस्टिंग (विनियमन और प्रबंधन) विधेयक 2026, और अरुणाचल प्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ विधेयक, 2026 शामिल हैं। इस बीच विधायकों के वेतन, भत्ते और पेंशन में बदलाव के लिए एक संशोधन विधेयक भी पेश किया जाएगा।

0000000000000000000000

स्पीयर कोर के सैनिकों ने अरुणाचल प्रदेश में एक एकीकृत लाइव फायरिंग अभ्यास का आयोजन कर सुरक्षा बलों के बीच परिचालन समन्वय का प्रदर्शित किया। भारतीय सेना, इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (ITBP), और असम राइफल्स के जवानों ने इस ड्रिल में हिस्सा लिया, जिसमें सटीकता, तेज़ी से टारगेट पर निशाना और कई एजेंसियों के बीच बिना रुकावट युद्ध के दौरान आपसी तालमेल को दर्शाया गया।

000000000000000000000000

NHPC लिमिटेड द्वारा दो हज़ार मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पहली मार्च को यूनिट-पांच के जनरेटर रोटर को जनरेटर पिट में सफलतापूर्वक उतारा गया। छः सौ तिहत्तर मीट्रिक टन वज़न वाला यह रोटर भारत के किसी जलविद्युत संयंत्रों में अब तक इस्तेमाल किया गया सबसे भारी उपकरण है।

000000000000000000000000

तवांग पुलिस ने बुधवार को वेस्ट बेंगाल के एक पर्यटक को बुद्धा पार्क से चोरी करने के आरोप में ग़िरफ़्तार किया है। इनपुट्स पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम ने आरोपी का तुरंत पता लगाते हुए चोरी का सामान बरामद किया, जिसमें एक मध्यम आकार की बुद्ध की मूर्ति, दो तिंगशा झांझ और दो धातु के लैंप शामिल हैं। हालांकि, पार्क के देख-भाल करनेवाले बौद्ध भिक्षु ने आरोपी को क्षमा करते हुए उसके खिलाफ़ FIR दर्ज नहीं कराने का फ़ैसला किया।

000000000000000000000000

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा हैं। अंतिम समाचार मिलने तक भारतीय टीम बल्लेबाज़ी करते हुए .... ऑवर में .... विकट के नुकसान पर .... रन बना चुकी हैं।

00000000000000000000000

सियांग अपर बहूउद्देशीय परियोजना से जुड़ी सामुदायिक आउटरीच के तहत बुधवार को अपर सियाङ ज़िले के सिमोंग गांव में एक स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। AARRO वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देना, साफ-सफाई की आदतों को बेहतर बनाना और गांववालों में पर्सनल और पब्लिक हाइजीन के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

00000000000000000000000